# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 14.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, वर्ष 2029 से पहले देश के 21 राज्यों में लागू होगी समान नागरिक संहिता।
- राज्य में एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति और नए वोटर पंजीकरण का कल आखिरी दिन, अब तक सात लाख उनहत्तर हजार से अधिक आवेदन प्राप्त।
- राज्यभर में गणेश चतुर्थी की धूम, राज्यपाल संतोष गंगवार ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर की पूजा–अर्चना, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को दी बधाई।
- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा चलाएगी एक महीने का सेवा संकल्प अभियान, बाबूलाल मरांडी ने कहा–सभी जिलों और बूथ स्तर पर आयोजित किये जायेंगे 14 सेवा कार्यक्रम।
- हिंदी दिवस पर राज्यभर में कई समारोह आयोजित, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के लिए सरल हिंदी अपनाने पर दिया गया जोर।

*****************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा और एनडीए समर्थित 21 राज्यों में 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले समान नागरिक संहिता, यूसीसी लागू करने की बात कही। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि तीन तलाक की समाप्ति के बाद अब इन राज्यों में यूसीसी भी समय सीमा से पहले प्रभावी कर दी जाएगी।

*****************

खान एवं खनिज विकास संशोधन अधिनियम 2026 के लागू होने पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे काला कानून बताते हुए निंदा की और कहा कि इस कानून से राज्य को दोहरी क्षति हुई है, जिससे केंद्र पर एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का कोयला रॉयल्टी दावा समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ राज्य सरकार अब सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी।

*****************

राज्य में एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति और नए मतदाता पंजीकरण के लिए कल आखिरी दिन है। राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, नया नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म–6 के माध्यम से चार लाख 70 हजार 542 आवेदन मिले हैं। वहीं, सुधार के लिए फॉर्म–8 के जरिए दो लाख 98 हजार 871 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

*****************

राज्यभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस बीच, राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पहुंचकर भगवान गणपति की पूजा–अर्चना और आरती की। राज्यपाल ने भगवान गजानन से राज्य की सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए सभी को बधाई दी।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पावन अवसर पर समस्त राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर भगवान गणेश की स्तुति करते हुए मुख्यमंत्री ने विघ्नहर्ता से प्रार्थना की कि वे समाज में प्रेम, शांति और आपसी सद्भाव बनाए रखें और सभी के जीवन से बाधाओं को दूर करें।

*****************

आगामी दुर्गा पूजा को लेकर रांची जिला प्रशासन ने विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नए नियमों के तहत पूजा पंडालों का निर्माण बिजली के तारों और ट्रांसफॉर्मर से सुरक्षित दूरी पर करना होगा। प्रशासन ने रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही सुरक्षा के लिए पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और अग्निशमन विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य किया गया है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान यात्रा चलाएगी। रांची में पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि

प्रधानमंत्री ने जनसेवा के 25 सफल वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत हुई है।

*****************

डुमरी के विधायक जयराम महतो को धनबाद की एमपी–एमएलए की विशेष अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने बरवाअड्डा थाना मामले में जयराम महतो सहित चार लोगों की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। उन पर थाना प्रभारी से कथित गाली–गलौज, धमकी देने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप थे, जिसके बाद पुलिस एसोसिएशन ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी।

*****************

खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड की कोडाकेल पंचायत में आज राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य दयामणि मुंडू और स्थानीय मुखियाओं ने ग्रामीणों को बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित व पौष्टिक आहार का महत्व समझाया। वक्ताओं ने फास्ट फूड से बचने और स्वच्छता अपनाने की अपील की।

*****************

धनबाद पुलिस ने वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी खान को पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि हत्या और रंगदारी सहित दर्जनभर मामलों का आरोपी बंटी फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई भागने की फिराक में था। धनबाद लाए जाने के बाद पुलिस ने उसका परेड भी कराया।

*****************

राज्य में हिंदी दिवस के अवसर पर कई राज्यस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रांची के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि हिंदी पूरे देश को एक सूत्र में पिरोती है और यह देश की एकता व अखंडता की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसी क्रम में कार्मिक विभाग के समारोह में सचिव प्रवीण टोप्पो ने सुशासन के लिए सरकारी कार्यों में सरल हिंदी अपनाने पर जोर दिया, जबकि आकाशवाणी रांची की कार्यशाला में डॉ. अंजेश कुमार ने हिंदी के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को रेखांकित किया।

*****************

राज्य में 18 सितंबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में कहीं–कहीं आंधी और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में एक जून से अब तक 870 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य से पांच प्रतिशत कम है।

******समाप्त*******